भारतीय वायु सेना/INDIAN AIR FORCE

भारतीय वायु सेना, चंडीगढ़ के बेस रिपेयर डिपो में तकनीकी ट्रेडों हेतु अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने के अवसर का लाभ उठाने के लिए भारतीय नागरिकों (पुरुष एवं महिला) को आमंत्रित किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण 11/11/2026 से प्रारंभ होकर 30/11/2026 को बंद होगा। इस कोर्स में चयन निष्पक्ष एवं पारदर्शी तथा केवल योग्यता के आधार पर होगा। किसी भी चरण में किसी को रिश्वत देने की आवश्यकता नहीं है। भर्ती/चयन एजेंट बनकर आने वाले बेईमान व्यक्तियों के झांसे में न आएं। तकनीकी क्षेत्र में मोबाइल फोन/इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की अनुमति नहीं है।

उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

1. उम्मीदवारों द्वारा आवेदन www.apprenticeship.gov.in पर ऑनलाइन भरा जाएगा।
2. परीक्षा केवल एक बार प्रवेश के लिए मान्य होगी।
3. ऑनलाइन पंजीकरण 11/11/2026 से प्रारंभ होगा और 30/11/2026 को बंद होगा। केवल ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।
4. पंजीकरण/चयन के दौरान निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक होंगे:
(क) संबंधित ट्रेडों में हाई स्कूल (कक्षा 10) तथा आईटीआई (एनसीवीटी) में न्यूनतम 40% कुल अंक। 50% न्यूनतम कुल अंकों के साथ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
(ख) हल्की पृष्ठभूमि में सामने से लिया गया पासपोर्ट आकार का हालिया रंगीन फोटो, जिसका आकार 50 केबी से अधिक न हो। सिख उम्मीदवारों को छोड़कर सिर पर कोई आवरण न हो। फोटो लेते समय उम्मीदवार अपनी छाती के सामने एक काली पट्टी/स्लेट पकड़े, जिस पर उसका नाम सफेद चॉक से बड़े अक्षरों में स्पष्ट लिखा हो।
(ग) उम्मीदवार के बाएं हाथ के अंगूठे का निशान।
(घ) उम्मीदवार के हस्ताक्षर की छवि।
5. सफल ऑनलाइन पंजीकरण के लिए उम्मीदवार के पास वैध ई-मेल और मोबाइल नंबर होना चाहिए।
6. उम्मीदवार अपना आधार कार्ड नंबर तैयार रखें।
7. उम्मीदवार चयन स्थल पर अन्तिम बुलावा-पत्र का रंगीन प्रिंटआउट लेकर पहुंचें। चयन स्थल पर प्रारंभिक सत्यापन के दौरान अथवा चयन प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में विसंगति/अनियमितता/गलत जानकारी पाए जाने पर उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा।
8. चयन प्रक्रिया तथा चिकित्सा परीक्षण के लिए उपस्थित होते समय उम्मीदवार वैध पहचान प्रमाण साथ रखें।
9. अप्रेंटिस के रूप में नियुक्ति का चयन कक्षा 10वीं/12वीं तथा आईटीआई में प्राप्त कुल अंकों की योग्यता के आधार पर होगा। विभिन्न स्तरों (जिला, राज्य, राष्ट्रीय) के प्रमाणपत्र रखने वाले खिलाड़ी तथा एनसीसी प्रमाणपत्र धारकों (बी एवं सी) को उचित महत्व दिया जाएगा। अपूर्ण आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। अप्रेंटिस की नियुक्ति में आरक्षण अप्रेंटिसशिप अधिनियम, 1961 तथा अप्रेंटिसशिप नियम, 1992 के नियम 5 के अनुसार लागू होगा। प्रत्येक ट्रेड के प्रशिक्षण की अवधि वेबसाइट पर निर्दिष्ट है। पहले से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण पूरा कर चुके अथवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उम्मीदवार पात्र नहीं हैं।
10. चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। ठहरने की व्यवस्था उम्मीदवारों को स्वयं करनी होगी।
11. जहां लागू हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाणपत्र।

अधिसूचना- विस्तृत अधिसूचना वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार पंजीकरण करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने अधिसूचना में उपलब्ध विवरण पढ़ और समझ लिया है।

महत्वपूर्ण तिथियां

गतिविधि	तिथि
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	30/11/2026
बुलावा-पत्र भेजना	19/01/2027
चिकित्सा एवं दस्तावेज सत्यापन	01/02/2027
पाठ्यक्रम प्रारंभ	02/02/2027

पात्रता मानदंड

1. **ऑनलाइन आवेदन:** भारतीय वायु सेना, चंडीगढ़ के बेस रिपेयर डिपो में 02/02/2027 से प्रारंभ होने वाले तकनीकी ट्रेडों के अप्रेंटिसशिप पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं। चयन प्रक्रिया 01/02/2027 को बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, चंडीगढ़ में होगी।
2. **आयु सीमा (02/02/2027 को):**

उम्मीदवार	आयु सीमा
सामान्य	17 से 35 वर्ष;
अन्य पिछड़ा वर्ग	17 से 35 वर्ष;
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	17 से 35 वर्ष

3. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:**
(क) 10वीं तथा 10+2 उत्तीर्ण होना वांछनीय होगा।
(ख) संबंधित ट्रेड में न्यूनतम 40% कुल अंकों के साथ आईटीआई उत्तीर्ण।
4. **ट्रेड एवं पाठ्यक्रम संख्या: प्रवेश – एटीपी वैच-07**

ट्रेड	पाठ्यक्रम	सीटें
वैल्डर (गैस एवं इलेक्ट्रिक) (7212.10,20,40,50,85)	01/2027	12
ड्राइवर सह मैकेनिक (लाइट मोटर व्हीकल) (6322.10)	01/2027	20
टीआईजी/एमआईजी वैल्डर (7212.10,20)	01/2027	26
सीएनसी प्रोग्रामर सह ऑपरेटर (3121.20)	01/2027	12
टर्नर (8211.15)	01/2027	35
मशीनिस्ट (8211.10,15,22,28,30,32,36,38)	01/2027	15
मशीनिस्ट (ग्राइंडर) (7224.10,30,40,45,8211.15)	01/2027	10
फिटर/मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस (7233.10,20)	01/2027	30
शीट मैटल वर्कर (7213.10,30,90,8211.61)	01/2027	10
इलेक्ट्रिशियन एयरक्राफ्ट (7241.60)	01/2027	40
इलेक्ट्रोप्लेटर (8223.10)	01/2027	05
कारपेंटर (7124.10,20)	01/2027	28
मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस (8281.55,10)	01/2027	20
मैकेनिक इंस्ट्रूमेंट एयरक्राफ्ट (7311.10,30,60,67,90)	01/2027	24
मैकेनिक ट्रैक्टर/मैकेनिक (मोटर व्हीकल)	01/2027	25
मैकेनिक रिपेयर एंड मेंटेनेंस ऑफ व्हीकल (7231.10)	01/2027	10
मैकेनिक अर्थ मूविंग मशीनरी (735.14)	01/2027	05
फिटर स्ट्रक्चरल (7214.70)	01/2027	37
लैब असिस्टेंट (केमिकल प्लांट) (3111.30)	01/2027	05
पेंटर जनरल (7142.10)	01/2027	35
पावर इलेक्ट्रिशियन (7137.10)	01/2027	03
मैकेनिक मेकाट्रॉनिक्स (7233.38,46)	01/2027	08
क्वालिटी एश्योरेंस असिस्टेंट (3152.90)	01/2027	05
केमिकल लेबोरेटरी असिस्टेंट (3111.30)	01/2027	08
मैकेनिक इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस (इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन) (7241.70)	01/2027	08
मैकेनिक (इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस ऑफ प्रोसेस प्लांट) (7241.20)	01/2027	05
मैकेनिक इलेक्ट्रिकल इंस्ट्रूमेंट्स (7241.10)	01/2027	05
कुल		**446**

आरक्षण: अप्रेंटिसशिप अधिनियम, 1961 की धारा 3ए एवं बी तथा अप्रेंटिसशिप नियम, 1992 के नियम 5 (समय-समय पर संशोधित) में निर्धारित ओबीसी/एससी/एसटी एवं अन्य श्रेणियों के आरक्षण संबंधी प्रावधान लागू होंगे।

5. **चिकित्सा मानक: ऊंचाई** – न्यूनतम स्वीकार्य ऊंचाई 152 सेमी, वजन – न्यूनतम 48 किलोग्राम। श्रवण क्षमता – उम्मीदवार की सुनने की क्षमता सामान्य होनी चाहिए अर्थात प्रत्येक कान से अलग-अलग 6 मीटर की दूरी से धीमी आवाज में कही गई बात सुन सके। दंत स्वास्थ्य – मसूड़े स्वस्थ हों, दांत अच्छे हों तथा न्यूनतम 14 दंत अंक हों। स्वास्थ्य – उम्मीदवार किसी सक्रिय अथवा सुप्त तीव्र या दीर्घकालिक चिकित्सकीय/शल्य संबंधी असमता, संक्रमण अथवा लाइलाज रोग से मुक्त हो। उम्मीदवार किसी भी जलवायु में कोर्स करने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1991 में उल्लिखित चिकित्सा मानकों के अनुसार चिकित्सा परीक्षण किए जाने संबंधी राजपत्रित चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी वैध चिकित्सा प्रमाणपत्र चयन प्रक्रिया के समय जांच हेतु बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, चंडीगढ़ में जमा करना होगा।
6. **फीस:** प्रशिक्षण के दौरान वैल्डर (गैस एवं इलेक्ट्रिक), टीआईजी/एमआईजी वैल्डर, सीएनसी प्रोग्रामर एवं ड्राइवर सह मैकेनिक को Rs. 10,560/- प्रतिमाह तथा शेष सभी ट्रेडों को Rs. 11,040/- प्रतिमाह फीस दिया जाएगा।

CBC 10802/11/0022/2627